भोले बाबा पहाड़ों के राजा

सुन मेरे भोले बाबा,
मेरा मन ये तुझमे लागा,
प्रीत अपनी दिखाऊं कैसे,
प्रेम तुझसे छुपाऊं कैसे......

ओ भोले बाबा पहाड़ो के राजा कभी मेरे घर आजा रे,
ओ भोले बाबा पहाड़ो के राजा कभी मेरे घर आजा रे,
पूरी कब ये होंगी ये आशा भोले बाबा,
ओ भोले बाबा पहाड़ो के राजा कभी मेरे घर आजा रे.....

मै तेरी धुन पे हूँ नाचा,
जब तेरा डमरू है बाजा,
ह्रदय की है ताल तुमसे,
मेरी हर एक सांस तुमसे,
पूरी कब ये होंगी ये आशा भोले बाबा,
अरे ओ भोले बाबा पहाड़ो के राजा कभी मेरे घर आजा रे.....

सुन मेरे भोले बाबा,
मेरा मन ये तुझमे लागा,
प्रीत अपनी दिखाऊं कैसे,
प्रेम तुझसे छुपाऊं कैसे........

चन्द्रमा मे तेज़ तुमसे,
पृथ्वी मे है ओज तुमसे,
सूर्य मे है अगन तुमसे,
मेरे मन की लगन तुमसे,
पूरी कब ये होंगी ये आशा भोले बाबा,
ओ भोले बाबा पहाड़ो के राजा प्रभू मेरे घर आजा रे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30523/title/bhole-baba-pahado-ke-raja

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |